हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 20 अगस्त 2025

नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा

06 नगर में लोगों द्वारा किए गए नालियों पर अतिक्रमण...



07 मरीजों को हाल जाना, वार्ड में जांचने पहुंचे व्यवस्थाएं



## जैन समाज को समझाया मन वचन काया की शुद्धता से ही लगता है स्वाध्याय में मन

# गुरु के प्रति समर्पित रहने वाले को ज्ञान की सहजता से ही हो जाती है प्राप्ति : विवर्धन सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

### चातुर्मास के दौरान चल रहे धार्मिक प्रवचन



गुरु के उपकार को हमें कभी नहीं भूलना चाहिए। गुरु के प्रति जो समर्पित रहता है उसको सहज ही ज्ञान प्राप्त होता है। वर्तमान में हम लौकिक ज्ञान भी ग्रहण करते हैं लेकिन इसके साथ-साथ धार्मिक ज्ञान भी होना आवश्यक है। धर्म पर विश्वास नहीं होने पर बच्चें कुमार्ग पर चल देते हैं।

स्थानीय दिगंबर जैन समाज में इस वर्ष चातुर्मास हेतु विराजित मुनि विवर्धन सागर महाराज व मुनि विश्व नायक महाराज ने प्रवचन के दौरान यह बात समाज जनों के समक्ष कही गई। मुनिश्री ने कहाकि सम्यक ज्ञान से सांसारिक आवागमन समाप्त होता है। वस्तु का स्वभाव जैसा है, उसी रूप से उसको जानना यहीं सम्यक ज्ञान है। सशंय, विमोह,विपर्यय इससे रहित होकर आत्मा को जानना यही सम्यक ज्ञान है। आत्मा, आत्मा है। पर द्रव्य, पर द्रव्य है। अनेक कोटी ज्ञान के संग्रह को संशय कहते हैं। सभी जीवों की आत्मा एक है, अलग-अलग है, आत्मा में ज्ञान है, अलग है, इस प्रकार अलग-अलग विचार मानना संशय है।

उन्होंने कहा कि अनेक कोटी स्पर्श ज्ञान को भी संशय ज्ञान कहते हैं। आत्मा के बारे में मतभेद खड़े होना संशय है। वस्तु के स्वरूप का निर्णय होना चाहिए। निर्णय वही कर पाएगा जिसके मन में जिनेंद्र भगवान के प्रति श्रद्धा है। आत्मा को आत्मा जानना व अन्य द्रव्य को अन्य द्रव्य मानना। यानी जो वस्तु जैसी है उस वस्तु को वैसा ही मानना व उस पर श्रद्धा करना सम्यक दर्शन व सम्यक ज्ञान एक साथ युगपत होते है। जैसे अग्नि व प्रकाश एक साथ उत्पन्न होता है। गुण और गुणी एक साथ रहते हैं। विपरीत ज्ञान का होना विपर्यय ज्ञान होता है। रस्सी को सांप समझ लेना, धर्म के स्वरूप को विपरीत मानना विपर्यय ज्ञान है।

मुनिश्री ने कहाकि जब भी हम ग्रंथ का अध्ययन करें उसे मंत्र पूर्वक शुद्ध उच्चारण करना शब्दाचार है। व्यंजन आदि का शुद्ध उच्चारण करना व्यंजनाचार है।जैसा अर्थ है उसी रूप में उसको ग्रहण करना अथाचार है। जो काल स्वाध्याय के लिए निषेध किया है। उस समय स्वाध्याय नहीं करना चाहिए। मन वचन काया की शुद्धता से ही स्वाध्याय में मन लगता है। किसी वस्तु का त्याग करके भी स्वाध्याय करना। जिस शास्त्र का अध्ययन कर रहे हैं उसके लेखक का नाम नहीं छिपाना चाहिए। उन्होंने कहा कि गुरु के उपकार को नहीं भूलना चाहिए गुरु के प्रति जो समर्पित रहता है उसको सहज ज्ञान प्राप्त होता है। एक सम्यक ज्ञान होता है एक मिथ्या ज्ञान है। वर्तमान में हम लौकिक ज्ञान भी ग्रहण करते हैं लेकिन इसके साथ-साथ धार्मिक ज्ञान भी होना आवश्यक है। बच्चों को धर्म से अनभिज्ञ नहीं होना चाहिए धार्मिक पाठशाला का प्रबंधन ठीक होना चाहिए। लौकिक ज्ञान में सिर्फ वर्तमान भव सुधर सकता है लेकिन धार्मिक ज्ञान से अनेक भव सुधर सकते हैं। धर्म पर विश्वास नहीं होने पर बच्चे कुमार्ग पर चल देते हैं।

### लौकिक के साथ धार्मिक ज्ञान भी

मुनिश्री ने कहाकि बच्चों को जन्म देना ही महत्वपूर्ण नहीं है इसके साथ-साथ लौकिक ज्ञान के साथ धार्मिक ज्ञान देना भी आवश्यक है। लौकिक ज्ञान हमें लौकिक सुखी दे सकता है, आध्यात्मिक सुख नहीं। इंद्रिय विषयों की पूर्ति तो पूर्व जन्म के संस्कार से ही हो जाती है। शिक्षा को धन उपार्जन का साधन नहीं समझना चाहिए। धन से भोग विलास की वस्तु प्राप्त कर सकते हैं। लौकिक शिक्षा के साथ-साथ धार्मिक शिक्षा का दायित्व माता-पिता पर है। पौधे को जिधर चाहे उस और मोड सकते हैं, पेड़ को नहीं। ऐसी स्थिति बच्चों के धार्मिक संस्कारों के बारे में है। मुनिश्री ने कहाकी सम्यक ज्ञानी के मन में यहां इच्छा रहती कि वह धर्म के बारे में उत्तरोत्तर जाने। जिसमें सम्यक ज्ञान के बीज नहीं उसको धर्म का आनंद नहीं आयेगा। धर्म जानने की ललक ही आनंद पैदा करती है ज्ञान का आनंद महसूस सम्यक ज्ञानी ही कर सकता है मिथ्या ज्ञानी जीव को संसार की वस्तुओं में ही आनंद आएगा लौकिक ज्ञान मात्र जनरल नॉलेज है।
सम्यक ज्ञानी धर्म की बात जानने का प्रयास करेगा इसी से अच्छे बुरे की पहचान करता है सम्यक ज्ञान से ही सच्चे देव शास्त्र गुरु की पहचान करने लगता है। शस्त्रों और वस्त्रो की आवश्यकता राग द्वेष के कारण होती है। उन्होंने कहा कि सृष्टि की रचना शाश्वत है अनादि काल से है सम्यक ज्ञान के अभाव में संसार में अनेक भ्रांतियां खड़ी हो जाती है। धर्म में देखा देखी नहीं करना चाहिए वस्तु के यथार्थ स्वरूप का ज्ञान करना ही सम्यक ज्ञान है। जीवन में हमें निरंतर सम्यक ज्ञान की वृद्धि करना है। जिससे पुण्य प्राप्त होगा। परिणाम निर्मल होते हैं। सम्यक ज्ञानी निरंतर चिंतन- मनन करेगा। सम्यक ज्ञान जीव को निरंतर सम्यक दिशा प्रदान करेगा। सम्यक ज्ञान से सांसारिक आवागमन समाप्त हो जाता है।

### मुनि विवर्धन सागर का आशीर्वाद लिया

## विधायक व जनप्रतिनिधि ने महाराज को श्रीफल भेंट किए



**नलखेड़ा।** नगर में विराजित मुनिश्री विवर्धन सागर महाराज का मंगलमय आशीर्वाद लेने के लिए सुसनेर विधायक के साथ अन्य जनप्रतिनिधि त्यागी भवन पहुंचे जहां उनके द्वारा गुरुदेव को श्रीफल भेंट किया गया।
स्थानीय दिगंबर जैन समाज में इस वर्ष चातुर्मास हेतु विराजित मुनि विवर्धन सागर महाराज व मुनि विश्व नायक महाराज ससंघ चौक बाजार स्थित त्यागी भवन में विराजित है। सोमवार को नगर में निकली शाही सवारी में भाग लेने के लिए आए सुसनेर विधायक भैरूसिंह परिहार बापू, भाजपा जिला अध्यक्ष ओम मालवीय के साथ भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य दिलीप सकलेचा, धरोला भाजपा मंडल अध्यक्ष भवरसिंह चंद्रावत मुनि श्री के दर्शन व मंगलमय आशीर्वाद के लिए त्यागी भवन पहुंचे। जहां उनके द्वारा मुनिश्री को श्रीफल भेंटकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

## राजीव गांधी की जयंती पर संगोष्ठी का होगा आयोजन



**नलखेड़ा।** राजीव गांधी की जयंती पर कांग्रेस जनों द्वारा नगर में विविध कार्यक्रम आयोजन कर उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। बुधवार को प्रातः 10 बजे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, शहर कांग्रेस कमेटी , राजीव गांधी स्मृति मंच एवं कांग्रेस पार्टी के सभी प्रकोष्ठ के सयुक्त तत्वाधान में राजीव गांधी की जयंती पर स्थानीय सिविल हॉस्पिटल पर मरीजों को फल वितरण कर संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा।

# जन्माष्टमी पर किया मटकी फोड़ कार्यक्रम





हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

ग्राम कुशलपुरा स्थित भारतीय विद्या मंदिर में मटकी फोड़ कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विद्यालय के छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर विद्यालय द्वारा कृष्ण बनो प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें भैया बहन कृष्ण-राधिका बन कर पहुंचे। विद्यालय परिवार द्वारा कृष्ण राधिका बने बच्चों की आरती की गई। मटकी फोड़ प्रतियोगिता में लगभग 200 बच्चों ने भाग लिया जिसमें से 15 बच्चे सफल हुए। कार्यक्रम के अंत में फल वितरित किए गए।

## पत्रकार बीजापारी को पितृ शोक



**कानड़।** नगर के सरस्वती शिशु मंदिर के आचार्य पत्रकार और समाज सेवक मुकेश बीजापरी के पिता एवं पटेल रामचंद्र, बहादुर सिंह के बड़े भाई एवं पटेल बालमुकुंद, पटेल अनोखी लाल अध्यापक,पटेल लक्ष्मी चंद आचार्य के ताऊजी और सुमित के दादाजी नारायण सिंह बीजापारी का 85 वर्ष की उम्र में सोमवर देर रात शिवडेरा स्थित निवास पर निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से पैर में फ्रैक्चर होने की वजह से बीमार चल रहे थे और स्थानीय स्तर पर उनका इलाज चल रहा था।सोमवार रात करीब 2 बजे अचानक तबीयत बिगड़ जाने के बाद निधन हो गया. उनका अंतिम यात्रा 10 बजे निज निवास से निकली गई जो सारंगपुर रोड स्थित मुक्ति धाम लेजाई गई जिसमें नगर के जन प्रतिनिधि समाज सेवक आदि बड़ी संख्या में लोगों ने शामिल हो कर श्रद्धांजलि दी।



# नवनियुक्त कांग्रेस जिलाध्यक्ष का प्रथम नगर आगमन पर हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़


प्रदेश कांग्रेस द्वारा अभी हाल ही में जिला अध्यक्षों की घोषणा की है जिसमें आगर मालवा जिले में विजय लक्ष्मी तंवर को जिला अध्यक्ष बनाया गया मंगलवार शाम को नवनियुक्त कांग्रेस जिला अध्यक्ष के नगर में प्रथम आगमन पर कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा जिला अध्यक्ष विजय लक्ष्मी तंवर का भव्य स्वागत किया गया नगर आगमन पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दुर्गाप्रसाद पालीवाल के घर पहुंची जहा जिला अध्यक्ष ने उनका आशीर्वाद लिया और उपस्थित कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया इस दौरान जोरावर सिंह बिजापारी, महेंद्र पालीवाल, पप्पू बिजापारी , ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नितिन पालीवाल, यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष पीयूष पालीवाल, अवतार गुर्जर, कालू सिंह बिजापारी महेश शर्मा कलमोई, विकास शर्मा हरगन खेड़ी , दिलीप सिंह, रमेशचंद्र सूर्यवंशी, सोनू गोस्वामी , राजू शर्मा , गोकुल सूर्यवंशी , मोहन मालवीय आदि मौजूद थे।

# सिल्वर बेल्स स्कूल में मनाया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

**नलखेड़ा।** नगर के सिल्वर बेल्स स्कूल में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया जिसमें नन्हे-नन्हे बच्चे भगवान श्रीकृष्ण राधा के रूप में सजे हुए विद्यालय पहुंचे। श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव कार्यक्रम में बच्चों द्वारा भगवान श्री कृष्ण के भजनों पर आकर्षक नृत्य व गीतों की सुंदर प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम में मटकी फोड़, दही हांडी, मटकी सजाओ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें विजेताओ को पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल संचालिका पिंकी पुरोहित द्वारा द्वीप प्रज्वलन व पूजन कर किया गया। स्कूल की शिक्षिका सोना भिलाला, रचना पुष्पद द्वारा भी राधा कृष्ण का रूप धारण कार्यक्रम में प्रस्तुति दी गई।



## रामदेव धाम टिकोन पर सात दिवसीय कथा का चल रहा आयोजन



**नलखेड़ा।** ग्राम टिकोन स्थित प्रसिद्ध बाबा रामदेव धाम पर भादुड़ी दूज के उपलक्ष्य में सात दिवसीय कथा का आयोजन किया जा रहा है। रामदेव धाम टिकोन पर बाबा की भादुड़ी दूज के उपलक्ष्य में 18 अगस्त से 24 अगस्त तक कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा दोपहर 1.30 बजे से प्रारंभ होकर शाम 4 बजे तक चल रही है जिसमें व्यास गादी से भक्तों को कथा का श्रवण करवाया जा रहा है। 25 अगस्त को बाबा का जन्मोत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर भंडारे का आयोजन भी होगा। आयोजन में तहसील क्षेत्र के साथ प्रदेश के कई स्थानों से बड़ी संख्या में बाबारी भक्तों द्वारा भाग लिया जाएगा।



### पेशवाओं के समय हुआ था निर्माण, राजस्थान के शिल्पकारों ने किया नवीनीकरण

# श्री चिंतामन गणेश मंदिर परिसर की 400 साल पुरानी बावड़ी का किया जीर्णोद्धार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



श्री चिंतामन सिद्ध गणेश मंदिर परिसर की प्राचीन ऐतिहासिक बावड़ी का जीर्णोद्धार कार्य पूर्ण हो गया है। सोमवार को मंदिर के प्रमुख पुजारी पं. पृथ्वी वल्लभ दुबे एवं पं हेमंत वल्लभ दुबे एवं पुजारी परिवार ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच दीप प्रज्वलन कर उद्घाटन किया। इतिहासकारों के अनुसार मंदिर विक्रमादित्य कालीन है लगभग 400 वर्ष पूर्व पेशवाओं के काल में जब मंदिर का जीर्णोद्धार कराया गया था, तभी इस बावड़ी का निर्माण भी पेशवाओं द्वारा किया गया था। यह बावड़ी उस समय धार्मिक और सामाजिक जीवन का महत्वपूर्ण अंग रही है। इस बावड़ी के नवीनीकरण पर लगभग पाँच लाख का खर्च आया। कार्य पिछले एक वर्ष से लगातार जारी था, जिसमें राजस्थान के शिल्पकारों और कलाकारों ने पारंपरिक शिल्पकला का प्रयोग करते हुए बावड़ी को नया स्वरूप प्रदान किया। मंदिर के प्रमुख पुजारी पं. पृथ्वी वल्लभ दुबे ने बताया कि यह बावड़ी केवल पानी का स्रोत हीं नहीं, बल्कि हमारी आस्था और इतिहास की जीवंत धरोहर है। इस अनमोल विरासत का नवीनीकरण सभी गणेश भक्तों के लिए उल्लास का विषय है। पंडित जी ने यह भी बताया कि बावड़ी निर्माण के लिए कुछ लोग अवैध रूप से चंदा वसूली कर रहे हैं, गणेश जी उन्हें सद्बुद्धि प्रदान करें।

लोकार्पण अवसर पर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं और पत्रकार बन्धु बड़ी संख्या उपस्थित रहक। मंत्रोच्चार, दीपमालिका के बीच पूरे क्षेत्र में धार्मिक उल्लास का वातावरण बना रहा।

# कोलीपुरा में महिलाओं पर हमलाः दुकान का सामान गड्ढे में फेंका, एक्टिवा-मोबाइल छीने, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




नगर के कोलीपुरा क्षेत्र में बीती रात महिलाओं के साथ मारपीट की घटना हुई। गंभीर रूप से घायल महिलाओं को इलाज के लिए जिला अस्पताल सीहोर में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, कोलीपुरा क्षेत्र में मेवाड़ा परिवार की दुकान कई सालों से चल रही थी। इसी दुकान को लेकर महेश मेवाड़ा, अखिलेश मेवाड़ा, जितेंद्र मेवाड़ा और उनके साथियों ने हमला कर दिया।

**बहू और परिजन गंभीर रूप से घायलः** हमले में मेवाड़ा परिवार की बहू सुनीता मेवाड़ा और मोहन मेवाड़ा गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों की हालत नाजुक बताई जा रही है। आरोपियों ने न केवल मारपीट की, बल्कि दुकान में रखा सारा सामान पास के गड्ढे में फेंक दिया। इतना ही नहीं, परिवार की एक्टिवा, मोबाइल और एक गाड़ी भी छीन ली गई। इस घटना के बाद परिवार डरा और सहमा हुआ है।

**पुलिस की देर से पहुंचने पर मामला बढ़ाः** परिवार ने बताया कि घटना की सूचना कोतवाली थाना पुलिस को तुरंत दी गई थी, लेकिन पुलिस देर से पहुंची। मामले में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।
इनमें से दो आरोपियों को हिरासत में लिया गया है और बाकी की तलाश जारी है।

**खबर संक्षेप**

## छात्र छात्राओं को वितरित कि गई साइकिल



**बागली।** साईकिल जीवन में संतुलन बनाना सिखाती है। साईकिल पर जो एक बार संतुलन बनाना सीख जाता है तो वह चलाना भी सीख जाता है। इसी प्रकार हमे भी जीवन की हर परिस्थिति में संतुलित रहना चाहिए जिससे हम जीवन मे सफलतम आयाम अर्जित कर सके। उक्त बात एकीकृत शासकीय माध्यमिक विद्यालय कामठ खेड़ा में आयोजित साईकिल वितरण समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य रामसिंह ओसारी ने कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्राचार्य परसराम पिंडोरिया ने की। विशेष अतिथि हाईस्कूल संस्था प्राचार्य लोकेन्द्रसिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि दूरस्थ वनांचल में अध्यनरत अभावग्रस्त बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोडने में प्रदेश सरकार यह कल्याणकारी योजनाएं अतिमहनीय है जिसका लाभ अध्यनरत बालक - बालिकाओ को मिल रहा है। विशेष अतिथि नवभारत साक्षरता ब्लाक समन्वयक वारिस अली ने कहा की बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय आना चाहिए ,ताकि वे पठन पाठन में दक्ष बन सके। तीन किलोमीटर से अधिक दूरी से पैदल चलकर आने वाले विद्यार्थियों को इस योजना का लाभ मिल रहा है जो शासन की महत्वाकांक्षी योजनाएं में शामिल हैं। स्वागत भाषण वरिष्ठ शिक्षक ओमप्रकाश यादव ने दिया। बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि 317 छात्र विद्यालय में अध्यनरत है जिसमें से पात्र 14 बालक बालिकाओं साईकिल वितरण किया गया है। कार्यक्रम में विशेष अतिथि पत्रकार हीरालाल गोस्वामी, देवकरण चौहान, सरपंच प्रतिनिधि शेखर ओसारी उपस्थित थे। इस अवसर पर शिक्षक गुलाब सिंह वास्केल, मंजू वास्केल, छात्रावास अधीक्षिका ललिता पाटीदार, अनिता शुक्ला अतिथि शिक्षक प्रेमनारायण पाटीदार उपस्थित थे।।

### नगर परिषद सीएमओ ने अपने दल बल के साथ नगर से हटाया अतिक्रमण

# नगर में लोगों द्वारा किए गए नालियों पर अतिक्रमण को जेसीबी से हटाएंगे: सोनी

बस स्टैंड सहित नगर के मुख्य मार्ग आजाद चौक, छोटा हनुमान चौक, रपट का अतिक्रमण हटाया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

मंगलवार को नगर में अतिक्रमण मुहिम चलाई गई जिसमें लोगों द्वारा सड़को पर किए गए अस्थाई अतिक्रमणों को हटाया गया। आपको बता दे की नगर के युवा पिछले कई दिनों से नगर में हो रहे अतिक्रमण को हटाने के लिए मांग कर रहे हैं जिसमें उनके द्वारा पिछले दिनों नगर परिषद सीएमओ सविता सोनी, भौरासा थाना प्रभारी प्रीति कटारे व नायब तहसीलदार नेहा शाह को पूर्व में ज्ञापन दिया गया था जिसके बाद भी कुछ भी कार्रवाई नहीं होने पर गत दिवस 12 अगस्त मंगलवार को कलेक्टर ऋतुराज सिंह को जनसुनवाई में नगर के युवाओं द्वारा अतिक्रमण की जानकारी संबंधित ज्ञापन दिया गया था।

पिछले दिनों नगर के रपट पर अतिक्रमण के कारण जाम लग गया था इस जाम को खुलवाने को लेकर विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई थी इसके बाद नगर के युवाओं ने एमजी रोड व पूरे नगर में घूम कर अपने ही हाथों से अतिक्रमण हटा दिया था व बचे हुए अतिक्रमण कार्यों को अल्टीमेटम दिया गया था कि आप लोग अपना अपना रोड पर रखा सामान स्वयं ही हटा ले नहीं तो हम युवा मिलकर अतिक्रमण हटा देंगे जिसमें टूट,फूट की जवाबदारी आप दुकानदारो की स्वयं की रहेगी। इसके बाद भी दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण रोड पर से नहीं हटाया गया जिसके बाद नगर के युवा सैकड़ो की तादात में इकट्ठे होकर नायब तहसीलदार नेहा शाह व नगर परिषद सीएमओ सविता सोनी एव थाना प्रभारी प्रीति कटारे को अतिक्रमण के खिलाफ एक ज्ञापन सौंपा गया जिसके बाद नगर में नगर परिषद द्वारा सभी दुकानदारों को नोटिस देते हुए तीन दिन का समय अतिक्रमण हटाने हेतु दिया गया, लेकिन समय सीमा निकल जाने के बाद भी अतिक्रमण नहीं हट सका और उल्टा लोगों ने धीरे-धीरे फिर रोड़ पर अपनी



दुकान लगा ली इसके बाद सैकड़ो की संख्या में युवा देवास कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और नगर में हो रहे अतिक्रमण व रविवार को नगर में लगने वाले हाट बाजार को दूसरी जगह शिफ्ट करने को को लेकर जनसुनवाई में कलेक्टर ऋतुराज सिंह को एक आवेदन सौंपा।

जिस पर कलेक्टर द्वारा युवाओं को आश्वासन दिया गया कि जल्द ही अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई होगी। इसके बाद 19 अगस्त मंगलवार को नगर भौरासा में नगर परिषद सीएमओ सविता सोनी द्वारा अपने दलबल के साथ नगर के मुख्य मार्गो पर अतिक्रमण हटाने निकली। सीएमओ ने नगर से अतिक्रमण हटाया और साथ ही कई लोगों को अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस भी दिए। अतिक्रमण को लेकर नगर परिषद सीएमओ ने कहा की यह कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी प्रतिदिन अलग अलग जगह को चिन्हित किया जाएगा और अतिक्रमण हटाया जाएगा। नगर में मंगलवार को बस स्टैंड सहित मुख्य मार्ग व आजाद चौक तक अतिक्रमण हटाया गया। भौरासा के बस स्टैंड, छोटा हनुमान चौक, रपट, आजाद चौक सहित कई जगहों पर रखी




गुमटियों को हटाया गया। अतिक्रमण हटाने में नगर परिषद की टीम के साथ पुलिस प्रशासन मौजूद रहा। वही मीडिया से चर्चा में उन्होंने कहा कि नगर में सतत यह कार्रवाई जारी रहेगी हमारे द्वारा अतिक्रमण की जगहों को चिन्हित कर लगातार कार्यवाही की जाएगी।वर्जन...नगर में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई,है साथ ही कार्यवाही आगे भी लगातार जारी रहेगी। जिन्होंने नालियों पर अतिक्रमण किया उन्हें भी जल्द हटाने के निर्देश दिए हैं, नहीं हटाने पर जेसीबी की मदद से अतिक्रमण हटाया जाएगा।

# राजस्व रिकॉर्ड में गड़बड़ी से पैतृक जमीनें हो रही दूसरों के नाम

**किसानों ने त्रुटि सुधारने की मांग की**



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले के ग्राम अमरपुरा (तहसील बागली) के सैकड़ों किसानों ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर राजस्व नक्शों में व्याप्त त्रुटियों को तत्काल सुधारने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। किसानों ने बताया कि ग्राम अमरपुरा की भूमि का बंदोबस्त कार्यवाही के दौरान तैयार किया गया नक्शा त्रुटिपूर्ण है, जिसके कारण किसानों की पैतृक कृषि भूमि पर अन्य लोगों के नाम दर्ज हो रहे हैं। इससे राष्ट्रीय राजमार्ग एवं रेलवे परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण के दौरान मुआवज़े की राशि असली भूमिधारकों को न मिलकर दूसरों को मिल रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि भूमि माफिया केवल राजस्व रिकॉर्ड के आधार पर ज़मीन खरीद रहे हैं और असली भूमिधारकों की जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं। इसके चलते गाँव में आए दिन विवाद और झगड़े हो रहे हैं, मगर प्रशासन और राजस्व विभाग शिकायतों पर कोई सुनवाई नहीं कर रहा। किसानों ने कहा कि वे तहसीलदार और एसडीओ (राजस्व) बागली को भी कई बार आवेदन दे चुके हैं, मगर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस लापरवाही से किसान मानसिक और आर्थिक रूप से परेशान हो रहे हैं। ज्ञापन में जिलाधीश से मांग की गई कि अमरपुरा ग्राम की राजस्व भूमि का सही नक्शा तैयार करने, बंदोबस्त कार्यवाही में हुई त्रुटियों की जाँच कराने और दोषियों पर कार्यवाही के लिए विशेष राजस्व दल गठित किया जाए। ज्ञापन सौंपते अभिषेक, मनोहर सिंह, गोपाल सेंधव, पर्वत सिंह, भीमसिंह, रायसिंह, मुकेश, देवेन्द्र, किशोर, अशोक, सुरेन्द्र, मुनेश पटेल, इंदर, उदयसिंह, मानसिंह, नारायण सिंह, संतोष, शंकरलाल, सिद्धू, मनोहर, देवनारायण, श्रवण, राजेश यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहकर न्याय की गुहार लगाई।

### मठ मंदिर पुजारी संगठन मध्य प्रदेश पहुंचा ग्राम पोलाय, खंडित मूर्ति मामले में ली जानकारी

**चापडा।** ग्राम पोलाय में स्थित श्री राम मंदिर में अज्ञात बंदमाशो द्वारा मूर्ति खंडित की गई थी।इसके तहत मंगलवार के दिन मठ मंदिर पुजारी संगठन मध्य प्रदेश द्वारा श्री राम मंदिर में मंदिर पुजारी द्वारा श्रीराम जी श्री लक्ष्मण जी एवं माता जानकी जी की मूर्ति खंडित कर देने के विषय में विस्तृत जानकारी ली गई एवं थाना प्रभारी कमलापुर से फोन पर चर्चा कर विस्तृत जानकारी ली गई। वही संगठन द्वारा पुलिस को आरोपी पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की गई। प्रदेश अध्यक्ष द्वारा कहा गया है की आरोपी जो भी उसे बख्शा नहीं जायेगा संगठन द्वारा इस घृणित कार्य करनेवाले की कड़े शब्दों में इस की घोर निन्दा करता है प्रदेश संगठन इस घृणित करने वाले के खिलाफ यदि शासन प्रशासन एक्शन नहीं लेता है तो संगठन द्वारा प्रदेश स्तर पर बड़ा आंदोलन करने को बाध्य होगा। मठ मंदिर पुजारी संगठन मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष ऋषभ बैरागी, प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेंद्र महंत, संगठन मंत्री कपिल बैरागी, दिनेश बैरागी आदि संगठन के पदाधिकारी मौजूद थे। इस मामले में पुलिस व्दारा जांच की जा रही है।इस दौरान ग्रामीण शुभम यादव, गंगाराम जाट, मुकेश गरिया, अजय जाट, प्रवीण गरिया, विशाल पिला, सूरजमल जाट आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।



# रसोईयों को तीन महीने से नहीं हुआ भुगतान बच्चों के पोषण अहार पर मंडराया संकट

**मांगू पूरी नहीं होने पर 1 सितंबर से चूला बंद कर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की दी चेतावनी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



मध्याह्न भोजन (पी.एम. पोषण आहार) और सांझा चूल्हा योजना के संचालन में आ रही दिक्कतों को लेकर महिला स्वयं सहायता समूह संघ (एम.डी.एम. साइ चूल्हा रसोइया संघ) ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष ज्योति अर्जुन बैरागी के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि विगत तीन माह से भोजन पकाने की राशि जारी नहीं हुई है। आर्थिक तंगी से जूझ रसोइया बहनों और समूह संचालकों को बच्चों को मेन्यू के अनुसार पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के लिए कर्ज लेना पड़ रहा है। संघ ने कहा कि यदि समय पर भुगतान नहीं हुआ, तो 1 सितम्बर से स्वयं सहायता समूह एवं रसोई बहने अनिश्चितकालीन चूला बंद हडताल पर जाने को विवश होगी। संघ की मुख्य माँगें है कि खाद्यान्न राशि और रसोइयों का वेतन समय पर उपलब्ध कराया जाए। उपस्थिति के आधार पर रसोइयों को हटाना बंद हो। सांझा चूल्हा की राशि हर माह नियमित रूप से समूह खाते में डाली जाए। कम शिक्षित महिलाओं को कागजी कार्य के नाम पर परेशान न किया जाए। नगर पंचायतों में ठेका प्रथा बंद की जाए। महिला रसोइयों को 12 माह का मानदेय कलेक्टर रेट से दिया जाए। संघ ने यह भी बताया कि शासन द्वारा कहा गया था कि जुलाई-अगस्त का गेहूँ एक साथ आया है, लेकिन न तो अनाज मिला और न ही अगस्त माह की कोई एंट्री हुई। महिला बाल विकास विभाग द्वारा रसोईया बहनों की विगत 6 माह से राशि (वेतन) का भुगतान नही हो पाया है, जिससे रसोईयों को आर्थिक तंगी का सामना करना पड रहा है। महिला समूह ने मांग की कि गरीब बहनों की परेशानियों को देखते हुए लंबित राशि तुरंत जारी की जाए, ताकि योजना सुचारु रूप से चल सके और बच्चों को पौष्टिक भोजन समय पर मिल सके।

# विश्व फोटोग्राफी दिवस पर स्व. पवार को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास


महारानी पुष्पमाला राजे पवार शासकीय कन्या महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा गतिविधि के अंतर्गत वासुधैव कुटुम्बकम् की अवधारणा पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्व फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर देवास के प्रथम फोटोग्राफर एवं आर्टिस्ट स्व. गणपत राव पवार साहब को नमन किया गया।कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य एवं संरक्षक डॉक्टर जीडी सोनी सर के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम का आरंभ माँ सरस्वती एवं स्व.गणपत राव पवार के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल,विशिष्ट अतिथि गंगाजल, राजनीति, अग्निपथ इत्यादि फिल्मो के अभिनेता चेतन पंडित, मुख्य वक्ता




साहित्यकार रमेश भावसार एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.घनश्यामदास सोनी ने की।अतिथियों क स्वागत वरिष्ठ फोटोग्राफर एवं मराठा समाज के पूर्व सचिव बालासाहेब पलसे,डॉ.अनीता भाना,फोटोग्राफर उमेश नामदेव तथा कनिका पवार ने किया। कार्यक्रम की भूमिका अमित राव पवार ने रखी। मुख्य वक्ता भावसार ने उपस्थित छात्राओं एवं अन्य लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि स्व. गणपत राव पवार सा.जो की देवास शहर के प्रथम फोटोग्राफर एवं आर्टिस्ट(देवास स्टेट) रहे उनके व्यक्तित्व एवं प्रतित्व पर प्रकाश डालते हुए फोटोग्राफी के क्षेत्र में जो कि भारतीय सांस्कृतिक परंपरा का अहम हिस्सा है। इसकी बारीकियां को एवं पवार साहब के कार्यक्षेत्र को बड़े ही सरल शब्दों में व्यक्त किया। विशिष्ट अतिथि फ़ल्मि अभिनेता पंडित ने कहा कि देवास की संस्कृति एवं कला में स्व. पवार साहब की अहम भूमिका रही है। छात्राओं के मध्य विचार साझा करते हुए उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा के साथ-साथ एक अन्य हुनर भी आपके पास होना चाहिए जो कि आपकी रुचि अनुसार संगीत, नृत्य,अभिनय इत्यादि कुछ भी हो सकता है। यह आगे जाकर आपके रोजगार और जीविकोपार्जन का साधन भी बन सकता है। इस अवसर पर समस्त अतिथियों, महाविद्यालय स्टाफ, छात्राओं को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई तथा महाविद्यालय परिसर में समस्त अतिथियों द्वारा स्व. पवार की स्मृति में पौधारोपण कर पर्यावरण का समाज को संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर शर्मिला काटे एवं आभार फोटोग्राफर एसोसिएशन सदस्य राजू पौराणिक ने किया माना।

### नगर में लोधी समाज द्वारा निकाली गई बाबा भंवरनाथ की अंतिम शाही सवारी

# फूलों की लड़ी से सजी पालकी में सवार हुए बाबा भंवरनाथ





हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

नगर मे श्री बाबा भंवरनाथ भगवान की श्रावण- भाद्रपद माह में निकलने वाली सवारी के क्रम में छटे सोमवार को शाम 5:00 बजे भगवान श्री भंवरनाथ महाराज शाही ठाट बाट से नगर में भ्रमण पर निकले। नगर के लोधी समाज के युवा संगठन द्वारा भाद्रपद माह की दूसरी और छटी शाही सवारी निकाली गई।

मंदिर प्रांगण में सभी समाज बंधुओ का लोधी समाज प्रदेश उपाध्यक्ष बद्री लाल लोधी पूर्व पार्षद, जमनालाल लोधी, दौलत पटेल, केशव उस्ताद, पंडित विवेक शर्मा, राजेश लोधी, सुरेश टेलर, सोनू सैनी का समस्त समाज बंधुओ ने साफा बांधकर सम्मान किया। यह सवारी इस बार युवा संगठन लोधी समाज द्वारा निकाली गई। इस दौरान आकर्षक श्रृंगार से सुसज्जित पालकी मे सवार बाबा भंवरनाथ महाराज को गुलाब के फूलों से सजी पालकी में निकाला गया।

युवाओं द्वारा पंडितों की वेशभूषा पहनकर पालकी को अपने कंधे पर उठाया गया जो आमजन को आकर्षण का केंद्र रहा। लोधी समाज के युवा सदस्यों द्वारा लोगों को माथे पर चंदन लगाया गया। लोगों ने आगे बढ़कर अपने सिर पर चंदन लगवाया। बाबा भवरनाथ की सवारी के आगे आगे लोगो ने पुष्प वर्षा कर के नगर की सड़को को फुलो से पाट दिया। नगर में विभिन्न जगह सवारी का स्वागत किया गया।

इसी कड़ी में टंकी चौराहे पर सोनकच्छ मंडल अध्यक्ष राजेंद्रसिंह मोडरिया,पंकज घारू, नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी,उपाध्यक्ष जयसिंह राणा, पार्षद छोटू लाल लोधी, राजेश लोधी,छोटू माली, मूलचंद उस्ताद, मुरारीलाल लोधी सहित नगर और समाज के जनप्रतिनिधियों ने बाबा भवरनाथ महाराज के दर्शन कर पुण्य अर्जित किया व समाज बंधुओ का साफा बांध कर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। वही इस सवारी में राधा कृष्ण का नृत्य, शिव पार्वती बारात व डीजे पर आदिवासी समाज के युवाओं व युवक्तियों द्वारा डीजे पर आकर्षक नृत्य, घोड़े पर युवा, बच्चे हाथों में झंडा लिए सवार रहे। वही नासिक के ढोल, ताशे , शिव तांडव जो नगरवासियो के लिये आकर्षण का केंद्र बना। इन आकर्षक साधनों से लोग मंत्रमुग्ध हो गए।

शाही सवारी बाबा भंवरनाथ मंदिर प्रांगण से शाम 5:00 बजे से प्रारंभ हुई जो टंकी चौराहा, माली मोहल्ला से होते हुई सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में भगवान भोलेनाथ के मंदिर पर पहुंची। यहां पर पूजन आरती कर बड़े हनुमान चोक पहुंची। छोटा हनुमान चौक बस स्टैंड पर लोधी समाज के द्वारा भी स्वागत किया गया। इसके पश्चात शाही सवारी बाबा भवरनाथ मंदिर प्रांगण पहुंची जहां पर आरती के साथ प्रसाद वितरण कर सवारी का समापन हुआ।

# देवनारायण कथा का नगर में हो रहा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



देवनारायण भगवान, जिन्हें लोक देवता और गुर्जर समाज के आराध्य के रूप में पूजा जाता है। राजस्थान के एक महान योद्धा और शासक थे। उनका जन्म 10वीं शताब्दी में हुआ था और उन्हें भगवान विष्णु का अवतार माना जाता है। देवनारायण ने अत्याचारी शासकों के खिलाफ संघर्ष किया और लोक कल्याण के लिए कई कार्य किए, जिसके कारण वे पूजनीय हो गए।

लोक देवताओं में एक राजस्थान के भगवान देवनारायण के प्रति लोगों में आस्था है। उक्त बातें नगर के ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर पर चल रही सात दिवसीय भगवान देवनारायण कथा के दूसरे दिन कथा वाचक प्रभुलाल पंडा ने श्रोताओं को संबोधित करते हुए कही। पंडा ने आगे कहा कि भगवान देव नारायण ने जनहित के बहुत से काम किए। लोगों के असाध्य रोग भी दूर किए। भारत सांस्कृतिक विविधताओं वाला देश है। जहां संस्कृति व समाज के अनुसार लोक देवी-देवताओं की पूजा व उपासना की प्राचीन परंपरा है। इन्हीं लोक देवताओं में एक राजस्थान के भगवान देवनारायण के प्रति लोगों में आस्था है। आमजन भगवान देवनारायण के प्रति अपार श्रद्धा रखता है। जिन्हें भगवान विष्णु का अवतार माना जाता है। नगर के रूप कैलाश यादव, रवि धनगर, धीरज धनगर, संजय धनगर ने बताया कि सभी के सहयोग से कथा आयोजन किया जा रहा है। कथा विराम के दौरान आरती कर प्रसाद वितरित की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रोता कथा सुनने पहुंचे।

## खबर संक्षेप

### पिकअप ने मारी टक्कर से मासूम की मौत, मां घायल

**ललितपुर।** थाना पूराकलां क्षेत्रांतर्गत ग्राम गुन्देरा निवासी मनोहर पुत्र चतरा सहरिया ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसकी भाभी फूलकुंवर पत्नी स्व.नारायण सिंह अपने आठ वर्षीय पुत्र सौरभ के साथ गांव से सड़क पर आ रहा थी। तभी पिकअप गाड़ी संख्या यू.पी.93 सी.टी. 6432 जो कि उगरपुर की ओर से अंधी रफ्तार से आ रही थी ने लापरवाही से उसकी भाभी फूलकुंवर को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी भाभी घायल हो गयी और उसके भतीजे सौरभ की मौके पर ही वाहन के नीचे दबकर मौत हा गयी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर पिकअप चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 106 (1), 281, 125 (ए) व 125 (बी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### प्लॉट पर कब्जे को लेकर मारपीट करने का आरोप

**ललितपुर।** तालबेहट अंतर्गत पूराकलां स्टेण्ड जैन मंदिर के पीछे रहने वाले कमलापत दुबे पुत्र सालिगराम दुबे ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 13 अगस्त को शाम करीब 5 बजे मोहल्ला खांच बरिया चौराहा के पास अपने मकान का कार्य करवा रहा था। तभी जमीन खरीदने को लेकर वीआईपी खांदी निवासी संतोष यादव व राजू कुशवाहा आये और जमीन को लेकर गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने उसके साथ लात-घूसों व लाठी-डण्डों से मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 352, 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### स्कूल से घर जा रहे बच्चे को कार ने मारी टक्कर

**ललितपुर।** निकटवर्ती ग्राम बिरारी में रहने वाले फूलकुंवर पत्नी जगदीश अहिरवार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीते 15 अगस्त को सुबह 10 बजे उसका 6 वर्षीय पुत्र अभि जो कि स्कूल से घर की ओर जा रहा था। तभी चार पहिया वाहन संख्या यू.पी. 94 ए.एच. 6702 के चालक द्वारा उसके पुत्र को जोरदार टक्कर मार दी गयी, जिससे उसके पुत्र के पैर की फ्रैक्चर हो गया और भी कई चोटें आयीं हैं। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर वाहन चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (बी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### पुलिस अधिकारियों के जिले से स्थानान्तरण

**ललितपुर।** परिक्षेत्रीय स्थापना बोर्ड की बैठक बीते 15 तारीख को हुई जिसमे में निर्णय लिये गया कि जनपद में तैनात 2 निरीक्षकों व 6 उपनिरीक्षकों का स्थानांतरण अनुकम्पा के आधार पर किया गया है। जिसमे जनपद में तैनात निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र को झांसी और निरीक्षक हरिशंकर चन्द्र का तबादला जालौन हुआ। वहीं उपनिरीक्षक शिवमंगल सिंह, दिलीप कुमार सिंह, अभिनेन्द्र सिंह चौहान और राम नरेश सिंह का जालौन स्थानांतरित किया गया।

### उप जिलाधिकारी ने मेडीकल कॉलेज का किया औचक निरीक्षण, रख रखाव करने की जानकारी परखी

# मरीजों को हाल जाना, वार्ड में जांचने पहुंचे व्यवस्थाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

उपजिलाधिकारी सदर मनीष कुमार द्वारा रविवार को स्वशासी महाविद्यालय के अब इन सम्बद्ध संयुक्त जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यवाहक मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा विशाल जैन, निश्चेतना विशेषज्ञ डा चेतनराज चैहान, ईएमओ डा मानवेन्द्र सिंह, जेआर डा सौरभ जैन उपस्थित पाए गए।

निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम उप जिलाधिकारी सदर द्वारा कम्वाइंड वार्ड का निरीक्षण किया गया, जिसमें नर्सिंग अधिकारी गायत्री नामदेव, वार्ड बॉय विष्णुकांत तिवारी, वार्ड बॉय विकास, स्वीपर जितेन्द्र उपस्थित पाए गए। वार्ड में साफ-सफाई व्यवस्था संतोषजनक पाई गई, शौचालय की मरम्मत का कार्य प्रगति पर होन के चलते शौचालय में अस्थायी रूप से सेवा नहीं पाई गई, मरीज एवं उनके तीमारदार सामने बने पुरूष वार्ड में शौचालय का उपयोग कर रहे थे, कम्वाइंड वार्ड के शौचालय जहां पर मरम्मत का कार्य चल रहा है उसको हरे कर्टन से ढकवाया गया एवं उनके ऊपर शौचालय सेवा नहीं है, कृपया यहां शौच न करें, लिखा गया।

निरीक्षण के दौरान ग्राम अनौरा, मोहल्ला तलैयापुरा व ग्राम करगन सहित अन्य मरीजों से वार्ता की गई, जिसमें मरीजों ने बताया कि डाक्टर उन्हें सुबह-शाम देख रहे है, सिस्टर के द्वारा समय पर दवाई लगायी जा रही है। जांच कराने में एवं रिपोर्ट प्राप्त करने में कोई समस्या/विलम्ब नहीं हो रहा है, और उन्हें उक्त सभी सुविधाएं शासनुसार निःशुल्क प्राप्त हो रही है। मरीज को चढ़ाएं गए रक्त पर किसी भी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया गया है। निरीक्षण के दौरान दवाईयों आदि का




निरीक्षण किया गया, जिसमें वेस्ट दवाओं के समायोजन हेतु निर्देशित किया गया। इसके पश्चात शौचालयों को साफ करने एवं गंधमुक्त रखने के लिए हिदायत दी गई, अन्य समस्याएं संतोषजनक पाई गई। कॉरीडोर में वाटर कूलर के आसपास गंदगी पाई गई, जिसे तुरन्त साफ करने के निर्देश दिए गए, एवं उसके चारों तरफ जाली लगाने का सुझाव दिया, जिससे कि मरीज एवं उनके तीमारदार गंदगी न फैला सके।

आईसीयू वार्ड का निरीक्षण किया गया, जिसमें सफाई संतोषजनक पाई गई, सभी उपकरण क्रियाशील पाए गए, मौके पर डा0 हिमांशु, स्टाफ नर्स रोशनी, वार्ड वॉय अमित पंथ उपस्थित पाए गए। मौके पर मौजूद डा0 हिमांशु से मरीजों के बारे में जानकारी ली गई। इमरजेंसी वार्ड के निरीक्षण के दौरान ई0एम0ओ0 डा0 मानवेन्द्र सिंह, जे0आर0 डा0 सौरभ, नर्सिंग अधिकारी पुपेन्द्र नाहर, कम्प्यूटर आपरेटर बृजेन्द्र सिंह, नर्सिंग असिस्टेन्ट विजय, वार्ड वॉय दिलीप पंथ, धर्मेन्द्र, अंकित रिछारिया व स्वीपर आदि मौजूद रहे।

मरीजों से मिलकर उनको मिल रही सुविधाओं आदि के बारे में जानकारी ली गई, जिसमें मरीजों द्वारा इलाज में संतुष्टि व्यक्त की गई। इस दौरान चिकित्सालय का कचरा सही तरीके से छांटकर अलग-अलग रंगों के बैग में नियमानुसार डालने की सलाह दी गयी और जैविक कचरे को खुले में नहीं फेंकने को कहा गया व निर्माणाधीन शौचालयों को शीघ्र क्रियाशील कराने एवं पेयजल स्थलों की दैनिक सफाई व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

## थाना बार का एसपी ने किया आकस्मिक निरीक्षण

### कार्यालय का निरीक्षण कर मातहतों को दिए आवश्यक निर्देश



*ललितपुर। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने थाना बार का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान थाना परिसर कार्यालय आदि का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। थाना कार्यालय/महिला हेल्प डेस्क के रजिस्टरों को चेक कर व्यवस्थित रख-रखाव हेतु निर्देश दिये। मुकदमों से संबंधित मालो का विधिक निस्तारण एवं सही रखरखाव,शस्त्रों की नियमित साफ-सफाई रखने हेतु निर्देशित किया। साइबर हेल्प डेस्क में तैनात अधिकारी व कर्मचारियों को प्रतिदिन साइबर से सम्बन्धित पोर्टल जैसे प्रतिबिम्ब, सुदर्शन पोर्टल आदि का क्रियान्वयन करने व साइबर के अपराधों में त्वरित कार्यवाही करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। थाने में लम्बित विवेचनाओं का गुण दोष के आधार पर विधिक निस्तारण करने व थाना क्षेत्र के वांछित अभियुक्तों/वारंटियों की गिरफ्तारी, अवैध शराब, मादक पदार्थों, पशु तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा थाने पर आने वाले शिकायतों का शत-प्रतिशत व समयबद्ध निस्तारण करने जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। माफियाओं को चिन्हित कर उनके विरूद्ध गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही व थाना स्तर पर टॉप-10 अपराधी व हिस्ट्रीशीटरों की सतत निगरानी हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये। महिला सम्बन्धी अपराधों को रोकने के लिये सूचना पर त्वरित रूप से संज्ञान लेकर तत्काल अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही कर उनका निस्तारण करें तथा उपरोक्त प्रकरण की सूचना पर उच्चाधिकारियों को देने हेतु निर्देशित किया गया। महिलाओं की सुरक्षा हेतु एन्टीरोमियो स्कॉवड व महिला बीट आरक्षियों को प्रतिदिन थाना क्षेत्र में भ्रमण हेतु आदेशित किया गया जिससे महिला सम्बंधी अपराध न हो पाए तथा शासन की जीरो टॉलरेंस नीति पर काम करें। निकट भविष्य में पंचायती चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए अपराधियों पर आवश्यक निरोधात्मक कार्यवाही कर उन्हे ज्यादा से ज्याद धनराशि से पाबन्द कराने हेतु निर्देशित किया गया है। आगामी त्योहार को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षा व शांति- व्यवस्था बनाये रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। ऑपरेशन दृष्टि अभियान के तहत थाना क्षेत्र में आमजन से संवाद कर मुख्य स्थानों, चौराहों, बाजारों व हॉटस्पॉट पर सीसीटीवी कैमरों का क्रियाशील कराना सुनिश्चित करें, जिससे अपराध नियंत्रण में सहयोग मिलेगा। एसपी ने थाना क्षेत्र में प्रमुख भीड़-भाड़ वाले चौराहों, सराफा बाजार, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों आदि पेट्रोलिंग के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। लूट, चोरी, छिनैती आदि प्रकार की घटनाओं के पूर्व अपराधियों का भौतिक सत्यापन कर उनके विरूद्ध आवश्यक निरोधात्मक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। जनपद में गैंगस्टर एक्ट की धारा 14 (1) के अन्तर्गत सम्पति जब्तीकरण की कार्यवाही व इस अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत अभियोगों में वांछित, वारन्टी, टॉप टेन, अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही, करना सुनिश्चित करें। पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी, अवैध विस्फोटक पदार्थों, अवैध शस्त्रों की बरामदगी, अवैध शराब निर्माण व बिक्री, जुआ, सट्टा के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जाये। अवैध शराब, अवैध मादक पदार्थों की बिक्री न हो। बीट प्रणाली को मजबूत करने हेतु स्वयं बीट कर्मचारियों को उनके बीट क्षेत्रों में किये कार्यों की प्रतिदिन समीक्षा करें।*

### श्रीरामलीला हनुमान जयंती महोत्सव समिति ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

## जलबिहार के पहले व्यवस्थाएं चुस्त दुरुस्त करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

श्रीरामलीला हनुमान जयंती महोत्सव समिति ने अध्यक्ष पं.बृजेश चतुर्वेदी के नेतृत्व में जलबिहार पर्व जो कि 3 सितंबर बुधवार को आ रहा है। इसके सम्बन्ध में एक ज्ञापन जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, प्रशासक व ईओ नगर पालिका को सौंपा गया। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जल बिहार पर्व डोल ग्यारस धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इसके संबंध में उक्त पर्व से पूर्व नगर के सभी देवालयों के मार्ग समतली करण व सफाई व्यवस्था सुनिश्चित किया जाना अति आवश्यक है।

शोभायात्रा रघुनाथजी मंदिर चौबयाना से रावरपुरा, महावीरपुरा, घंटाघर होते हुए सावरकर चौक, तालाबपुरा से सुमेरा तालाब के घाट एवं जल बिहार मैदान तक जाना है।



इसलिए सुम्मेरा तालाब के बंध एवं घाटों की मरम्मत सफाई व बिजली की व्यवस्था की जाना अति आवश्यक है। उक्त व्यवस्थाएं अपने स्तर से संबंधित विभागों को करवाए जाने हेतु दिशा निर्देश जारी करना अति आवश्यक है। चूंकि वर्तमान में जिस घाट पर विमान का बिहार होता है उस पर वोट क्लब बना दिया गया है, जिससे जल विहार पर्व पर परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए वोट क्लब को विगत वर्षों की भांति पहले से किसी अन्य जगह स्थानांतरित किया जाना आवश्यक है।

जलविहार पर्व नगर के जनमानस की भावनाओं के अनुरूप विशाल पर्व है। पुलिस अधीक्षक को दिए गए ज्ञापन में मार्ग की ट्रैफिक व्यवस्था व तालाब पर गोताखोरों की व्यवस्था व तालाब के घाट पर पुरुष पुलिस व महिला पुलिस व्यवस्था आपके विभाग द्वारा की जाती है। अपने स्तर से संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी करने की मांग उठायी। इस दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्यामाकांत चौबे, उपाध्यक्ष राजेश दुबे, प्रबंधक हरविंदर सिंह सलूजा, कोषाध्यक्ष अमित तिवारी, महामंत्री डा.प्रबल सक्सेना, मंत्री राकेश तामिया, ऑडिटर चंद्रशेखर राठौर, संयोजक जगदीश पाठक, शिव कुमार शर्मा, धर्मेंद्र चौबे, अवधेश कौशिक, मुन्नालाल त्यागी आदि मौजूद रहे।

## ई-रिक्शा पर चस्पा होंगे कोड

## ई-रिक्शा के क्यूआर कोड होंगे जनरेट, पहचान की अहम कड़ी बनेगा क्यूआर कोड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

शहर में चलने वाले ई-रिक्शा के चालक अब यात्रियों की सुरक्षा और अपनी मनमानी नहीं कर सकेंगे। यातायात विभाग से खबर निकलकर आ रही है कि अब प्रत्येक ई-रिक्शा पर क्यू.आर. कोड चस्पा किया जाएगा। क्यू.आर. कोड की खासियत होगी कि इसे गूगल से स्कैन करने पर रिक्शा चालक की डिटेल मय फोन नंबर के फोन पर आ जाएगी। साथ ही रिक्शा के रूट की भी स्पष्ट जानकारी यात्रियों को रहेगी। यातायात पुलिस के इस नवाचार से यात्रियों की सुरक्षा और संवेदनशीलता प्रखर हो सकेगी।




गौरतलब है कि शहर में इस समय ई-रिक्शा का प्रचलन काफी बढ़ गया है और ललितपुर नगर की भौगोलिक स्थिति के अनुरूप पहले से सिटी आपे काफी मात्रा में संचालित हो रहे हैं। वहीं अब ई-रिक्शा की बढ़ती संख्या ट्रैफिक व्यवस्था को सुद्रण बनाए रखने में थोड़ा बहुत परेशानी का सबब भी बन रहा है। निर्धारित रूट से अलग भागते और यात्रियों की सुरक्षा को लेकर यातायात विभाग ने गहरी चिंता व्यक्त की है। इस मामले को लेकर एसपी मो. मुश्ताक के आदेश, एएसपी कालू सिंह व यातायात सीओ के निकट पर्यवेक्षण में यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी ने बताया कि ई- रिक्शा के सुरक्षित और सुगम परिचालन के लिए नई व्यवस्था लागू की जा रही है। इसके तहत प्रत्येक ई - रिक्शा पर चालक का नाम, पता, मोबाइल नंबर, गाड़ी संख्या और निर्धारित रूट इत्यादि को स्कैन कर क्यू.आर. कोड जनरेट किया जाएगा, जो कि ई-रिक्शा के आगे शीशे पर चस्पा होगा। इस क्यू.आर. कोड को कोई भी यात्री गूगल के जरिए स्कैन करके डिटेल लेकर सुरक्षित यात्रा कर सकेगा। इस अभियान को शुरू करने के लिए मंगलवार को स्टेशन तिराहा पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें ई - रिक्शा को चिन्हित करते हुए उनकी डिटेल नोट की गई। इस दौरान यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी ने बताया कि लोगों की सुरक्षा और बेहतर यातायात प्रबंधन ही मुख्य उद्देश्य है। क्यू.आर. कोड व्यवस्था से लोगों को लाभ मिल सकेगा।

## आकाशीय बिजली से युवक की मृत्यु पर सदर विधायक ने स्वीकृत आर्थिक सहायता राशि दी

**ललितपुर ।** विकास खंड जखौरा के ग्राम बुढवार में आकाशीय बिजली गिरने से कुशवाहा परिवार के अंशुल की आकस्मिक मृत्यु की घटना पर सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने गहरा दुख व्यक्त किया। विधायक ने पीड़ित परिवार से मिलकर संवेदना प्रकट की तथा देवीय आपदा राहत निधि से 4 लाख रुपये का चेक परिजनों को सौंपा। विधायक ने कहा कि इस दुखद घड़ी में प्रदेश सरकार पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। विपदा की इस घड़ी में धैर्य और हिम्मत बनाए रखना आवश्यक है। परिवार को हर संभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी। इस दौरान ग्राम प्रधान अनुपम चौबे, जितेंद्र रिछारिया, तहसीलदार, बूथ अध्यक्ष रघुवीर कुशवाहा, दयाराम सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



## राजकीय औद्योगिक शिक्षण संस्थान प्रवेश की रिक्त सीटों के लिए करें आवेदन

**ललितपुर ।** राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद उप्र, लखनऊ द्वारा जारी निर्देशो के अनुपालन में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, ललितपुर, महरौनी, तालबेहट, पाली एवं मड़ावरा में तृतीय चरण के प्रवेश के उपरान्त रिक्त सीटों के सापेक्ष सत्र अगस्त-2025 में अन्तिम चरण के प्रवेश हेतु पूर्व पंजीकृत एवं नवीन पंजीकरण करने हेतु अभ्यार्थियों से ऑनलाइन विकल्प एवं नवीन आवेदन मांगे गये थे। ऐसे गैर चयनित एवं पूर्व पंजीकृत अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे परिषद की विभागीय वेबसाइट से चतुर्थ चरण के प्रवेश हेतु रैंक का प्रिंट आउट प्राप्त कर प्रत्येक दशा में दिनांक 24.08.2025 की सायं 05:00 बजे तक राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, ललितपुर /महरौनी / तालबेहट /पाली/मड़ावरा में जमा करना सुनिश्चित करें। दिनांक-25.08.2025 को व्यवसाय आवंटन सूची प्रसारित होगी। व्यवसाय आवंटन के उपरान्त प्रवेश की अन्तिम तिथि 26.08.2025 की सायं 06:00 बजे तक होगी। उक्त तिथि के उपरान्त कोई भी प्रवेश देय नहीं होगा।

## ललितपुर में आर्ट ऑफ़ लिविंग का आनंद उत्सव सौल्लासपूर्ण संपन्न



**ललितपुर।** मां गोमती फ़िज़ियोथेरेपी सेंटर, ललितपुर में आयोजित 6-दिवसीय आर्ट ऑफ़ लिविंग का आनंद उत्सव (छः दिवसीय हैप्पीनेस कोर्स) का समापन परम पूज्य गुरुदेव श्रीश्री रविशंकर जी की असीम कृपा से अत्यंत हर्ष और उल्लास के वातावरण में हुआ। इस अवसर पर योग शिक्षक सुबोध शर्मा के मार्गदर्शन में साधकों ने भक्ति, संगीत और नृत्य के साथ ऊी'ुइ ्रङ्कल्ल ऊं८ को यादगार बना दिया। कार्यक्रम के सहभागी राकेश शर्मा, अनिल श्रीवास्तव, केशव चौरसिया, जगजीतसिंह जाखड़, जगदीश द्विवेदी, ओमप्रकाश गुप्ता, विजय गोपाल हुण्डैत, हरिशंकर तिवारी, राजेंद्र गुप्ता रहे।

समापन अवसर पर सभी साधकों ने सुदर्शन क्रिया-ध्यान के अपने-अपने अनुभव साझा किए और संकल्प लिया कि साधना, सेवा और सत्संग की यह यात्रा आगे भी निरंतर जारी रहेगी। इस समापन समारोह में संगीत, गीत, नृत्य और आत्मीय भोजन ने सभी को एक अविस्मरणीय अनुभव प्रदान किया। यह हैप्पीनैस कोर्स केवल छह दिन का आयोजन नहीं, बल्कि जीवन को और भी अधिक आनंदमय, शांत और सकारात्मक बनाने की शुरुआत है। हम सब मिलकर साधना, सेवा और सत्संग की इस यात्रा को और भी आगे बढ़ाएँगे। अंत में आयोजक एवं सेंटर प्रभारी शुभम देवलिया ने सभी साधकों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

### खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए सराहनीय कदम उठाने की पहल

## सरकार ने मंगल दल को बांटे खेल कूद के किट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

महानिदेशक युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल उप्र लखनऊ के क्रम में वित्तीय वर्ष में मंगल दलों प्रोत्साहन स्वरूप खेल सामग्री का वितरण विकास भवन, सभागार में किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनोहर लाल पंथ, राज्य मंत्री, श्रम एवं सेवायोजन, उप्र, विशिष्ट अतिथि कैलाश निरंजन, जिला पंचायत अध्यक्ष, रामरतन कुशवाहा,सदर विधायक,अनिल पटैरिया,सांसद प्रतिनिधि, शेषनाथ सिंह चौहान, मुख्य विकास अधिकारी, कार्यक्रम में उपस्थित रहे ।समस्त अतिथियों का बैच लगाकर एवं बुके देकर सम्मान किया गया। अतिथियों द्वारा प्रत्येक विकास खण्ड से आये हुये मंगल दल के पदाधिकारियों को प्रोत्साहन स्वरूप खेलकूद सामग्री का वितरण किया गया।

सदर विधायक द्वारा मंगल दल के पदाधिकारियों का प्राप्त होने वाली सामग्री के सदुपयोग का आब्हान किया एवं प्राप्त सामग्री से अपनी-अपनी ग्राम पंचायत में खेलों की ओर युवाओं को प्रेरित करते हुए खेल का वातावरण जिले में तैयार करने की सलाह भी दी। वर्तमान सरकार की सभी योजनाए आम जनमानस तक सीधे पहुँच रही है। जिला पंचायत अध्यक्ष जी द्वारा खेल स्वास्थ्य एवं शिक्षा के परस्पर संबंध से पदाधिकारियों को अवगत कराया कि खेल से खेलने से आप स्वास्थ्य बनते है व स्वास्थ शरीर से बेहतर शिक्षा ग्रहण की जा सकती है इसलिए प्राप्त होने वाली खेल प्रोत्साहन सामग्री का उचित उपयोग आवश्यक है।

मंत्री द्वारा अपने वक्तव्य द्वारा यह अवगत कराया कि वर्तमान सरकार आम जनमानस की सरकार है व 11 वर्ष से मोदी एवं 08 वर्ष से योगी जी की राज्य सरकार जनता के हित में बराबर कार्य कर रही है। सांसद प्रतिनिधि ने कहा गया कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का विकास होता है इसलिए खेल खेलना अत्यन्त आवश्यक होता है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बताया गया कि जनपद में 100 से अधिक खेल मैदानों का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है एवं अवशेष ग्राम पंचायतों में भी खेल मैदानों का निर्माण निकट भविष्य मे कराया जायेगा। वितरित की जा रही प्रोत्साहन सामग्री इन खेल मैदानों के पूरक का कार्य करेगी। जिससे जिले में खेल प्रतिभा का विकास होगा। अन्त में कार्यक्रम में उपस्थित समस्त जनप्रतिनिधियो एवं अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विकास खण्ड से आये हुये मंगल दलों के सदस्यों का प्रदीप कुमार, जिला युवा कल्याण एवं प्रा0वि0द0 अधिकारी द्वारा आभार एवं धन्यवाद प्रकट किया गया। शैलेन्द्र सिंह, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी, तालबेहट, श्रीमती प्रसून गुबरेले, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी, जखौरा एवं श्रीमती अंजली शर्मा, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी, बिरधा कार्यक्रम में उपस्थित रहकर सहयोग प्रदान किया गया।





एक्सपर्ट की सलाह: कोई भी 'डॉट एपीके' फाइल डाउनलोड न करें

# अलर्ट: बैंक ऑफ इंडिया के नाम से फ्रॉडर्स भेज रहे हैं 'डॉट एपीके' फाइल्स

## फाइल डाउनलोड करते ही साइबर धोखेबाजों के हाथ में पहुंच जाता है मोबाइल का कंट्रोल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

देश में इस समय सायबर क्राईम के जरिए धोखेबाजों द्वारा लोगों के साथ तरह-तरह से ठगी की घटनाएं सामने आ रही हैं। ये धोखेबाज भोले-भाले लोगों अपनी बातों में उलझाकर, डिजिटल अरेस्ट करके या अन्य तरह से झांसे में ले लेते हैं और संबंधित व्यक्ति अपनी जीवन भर की कमाई लुटाकर बैठ जाता है। इस तरह के सायबर क्राईम करने वाले धोखेबाजों द्वारा इन दिनों लोगों के मोबाईल पर बैंक ऑफ इंडिया के नाम का एक फर्जी पत्र भेजते हुए उसके साथ एक 'डॉट एपीके' फाईल भेजी जा रही है। यह एपीके फाईल डाउनलोड करते ही संबंधित व्यक्ति के मोबाइल का पूरा कन्ट्रोल फ्रॉडर के हाथ में पहुंच जाता है। मोबाइल का कन्ट्रोल फ्रॉडर के पास पहुंचने से ओटीपी भी उनके पास ही आ जाता है और उसे डालकर वे संबंधित व्यक्ति का बैंक अकाउन्ट खाली करने सहित उस मोबाइल नंबर को अन्य तरह के अपराधों में उपयोग कर रहे हैं।

सायबर एक्सपर्टस का कहना है कि अगर आपके पास भी बैंक ऑफ इंडिया के पत्र के साथ किसी तरह की एपीके फाईल आए तो उसे कदापि डाउनलोड न करें। ये फर्जी एपीके फाईलें आपके फोन में मेलवेयर या वायरस डालकर आपकी निजी जानकारी चुराने के लिए बनाई जाती हैं। इसलिए किसी भी अनजान स्त्रोत से एपीके फाईलें डाउनलोड करने से बचना चाहिए।




### अन्य लोगों को आपके नंबर से जाने लगते हैं मैसेज

एपीके फाईल आपके मोबाइल में डाउनलोड होने पर आपका मोबाइल हैक हो जाता है। इसके उपरान्त आपके ही नंबर से विभिन्न वाट्सएप ग्रुपों सहित पर्सनली लोगों को बैंक के उक्त फर्जी पत्र के साथ एपीके फाईल डाउनलोड करने के लिए भेजी जाती है। उक्त पत्र अंग्रेजी भाषा में लिखित है जिसमें उल्लेख रहता है कि आपका एकाउन्ट बंद कर दिया गया है क्योंकि आपने पिछले महीने की ईकेवायसी नहीं करवाई है।

### अगर गलती से फाइल डाउनलोड हो जाए तो यह करें

अगर भूलवश यह 'डॉट एपीके' फाईल डाउनलोड हो भी जाए तो मेसेज, कैमरा, लोकेशन आदि की एक्सेस के लिए परमीशन मांगी जाती है। संबंधित मोबाइल धारक को किसी भी परमीशन के लिए यस नहीं करना चाहिए।

### इनका कहना है

बैंक ऑफ इंडिया के खाताधारकों के लिए री-ईकेवायसी के लिए शिविर लगवाए जा रहे हैं लेकिन किसी तरह की एपीके फाईल डाउनलोड करने के लिए नहीं भेजी जा रही है। बैंक ऑफ इंडिया के नाम का उक्त पत्र पूरी तरह से फर्जी है। उपभोक्ताओं को फ्राडर्स के झांसे में नहीं आना चाहिए।

**जीतेंद्र रामचंदानी**, लीड बैंक मैनेजर, राजगढ़

किसी भी व्यक्ति को अपने मोबाइल में 'डॉट एपीके' फाईल डाउनलोड या इन्स्टॉल नहीं करनी चाहिए। इस तरह की फाईलें मोबाइल के मेलवेयर में चली जाती है और मोबाइल का कन्ट्रोल सायबर क्रिमनल्स के पास पहुंच जाता है जिससे वे किसी भी तरह की धोखाधड़ी कर सकते हैं।

**शकील अंजुम, साइबर एक्सपर्ट, राजगढ़**

लापरवाहियों पर कलेक्टर का सख्त रुख

# जल निगम के प्रबंधक सहित कई अधिकारियों पर कार्रवाई के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

कलेक्टोरेट सभागार में सोमवार दोपहर आयोजित टाईम लिमिट बैठक में लापरवाही एवं योजनाओं के क्रियान्वयन में रुचि न लेने वाले अधिकारियों पर कई तरह की कार्यवाहियां प्रस्तावित की गई हैं। समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने ई-ऑफिस व्यवस्था के तहत कार्य न करने पर जल निगम के प्रबंधक एस.के. जैन पर कार्यवाही करने कमिश्नर को पत्र लिखने के निर्देश दिए गए।

इसी तरह सीएम हेल्पलाइन में खराब प्रदर्शन के कारण नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) और अग्रणी जिला प्रबंधक (एलडीएम) सहित तलेन के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को नोटिस जारी करने के निर्देश कलेक्टर द्वारा प्रदान किए गए। खाद्य विभाग के क्षेत्रीय अधिकारियों को भी निर्देशित किया गया कि वे समयबद्ध तरीके से हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का समाधान करें। कलेक्टर ने खिलचीपुर एसडीएम को निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का समाधान न करने वाले पटवारी की 01 वेतनवृद्धि रोकी जाए।

### पचोर तहसीलदार पर 25 हजार का जुर्माना

लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत लंबित प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बरतने पर पचोर तहसीलदार पर 26 हजार रूपये का जुर्माना लगाया गया है। साथ ही नरसिंहगढ़ एवं पचोर के तहसीलदार एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को लोक सेवा गारंटी अधिनियम में निराशाजनक प्रदर्शन के चलते शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश भी कलेक्टर द्वारा दिए गए। इसके साथ ही पीएम आवास योजना के प्रभारी को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

### उत्कृष्ट कार्य पर उद्योग अधिकारी को मिली प्रशंसा

उद्यम क्रांति योजना के तहत ऋण वितरण में राजगढ़ जिले ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। कलेक्टर द्वारा इसकी प्रशंसा करते हुए जिला व्यापार एवं उद्योग अधिकारी सीमा सौलंकी को उत्कृष्ट कार्य पर प्रशंसा पत्र जारी करने के निर्देश भी दिए गए।

राज्य मंत्री टेटवाल ने फोड़ी मटकी

# जोशी परिवार ने परंपरागत रूप से मनाया 30वां नंदोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी जोशी परिवार द्वारा पारंपरिक विधि-विधान के साथ अपना 30वां नंदोत्सव मोहल्ला जाटवाड़ी में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में रुपेश जोशी, मेघा जोशी, देवांश जोशी एवं आरव्या जोशी ने भगवान योगेश्वर श्रीकृष्ण का पूजन-अर्चन कर 56 भोग अर्पित किए। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना से हुआ। इस अवसर पर मध्यप्रदेश शासन के कौशल विभाग एवं रोजगार मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल, पूर्व लायंस क्लब अध्यक्ष प्रभा पालीवाल का तिलक व पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान बाल रूप सुंदरकांड समिति अध्यक्ष आनंद जोशी, परमानंद जोशी, अंकुर सोनी, ग्यारस भजन मंडली, संतोष सोनी, नयनतारा, विक्रम सिंह बेस, महेश पुष्पद आदि ने मधुर भजनों की प्रस्तुति दी। तत्पश्चात मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें मंत्री गौतम टेटवाल ने मटकी फोड़कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। भगवान लड्डू गोपाल की आरती कर 56 भोग महाप्रसादी का वितरण किया गया।



### लगातार चोरियों से नागरिकों में भय का माहौल

**माचलपुर।** नगर में चोरियां रुकने का नाम नहीं ले रही है पहले चोरों ने दुकानों फिर मंदिर अब किसानों के बिजली उपकरणों को भी अपना निशाना बनाने लग गए है! करीब दो माह पहले एक व्यापारी के वहा से दिन में ही गल्ले से रुपए बड़े बेखौफ अंदाज में रुपए चुरा लिए थे यह पूरा दृश्य सीसी टीवी कैमरे में भी कैद हो गया था! फिर भगवान के मंदिर को अपना निशाना बनाया था जिस पर पुलिस के हाथ आज भी खाली है थाना प्रभारी से बात करने पर उन्होंने बताया था की हमने अपराधी की पहचान कर ली है हम उसे जल्द पकड़ लेंगे! फिर भी अपराधी पकड़ से बाहर ही है! कुछ किसानों ने पहलाद, प्रभुलाल, घनश्याम, अनु विश्वकर्मा द्वारा सोमवार को थाना प्रभारी के नाम एक आवेदन दिया है जिसमे उनके द्वारा उल्लेख किया है शनिवार को हमारे लसूलडीया रोड के खेत में ट्रांसफार्मर (डीपी) आइल किसी ने चुरा लिया है।

श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर निकाली भव्य शोभा यात्रा

# पुष्प वर्षा कर नगरवासियों ने किया यात्रा का स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ तलेन

शनिवार को नगर में तलेन श्री कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति यादव समाज के तत्वाधान में नगर में श्री भगवान कृष्ण की भव्य शोभायात्रा निकल गई। शोभा यात्रा श्री राधा कृष्ण मंदिर यादव मोहल्ले से बैंड बाजे ढोल डीजे के साथ प्रारंभ हुई। शोभा यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होकर निकली। इस शोभा यात्रा में भगवान श्री कृष्ण की नगरवासियों द्वारा जगह-जगह पूजा अर्चना की गई। शोभा यात्रा का नगर में जगह-जगह , श्री महाकाल मित्र मंडल , क्षत्रिय राजपूत समाज, गायत्री परिवार , नगर परिषद, आदि द्वारा फ्रूटी केले व पुष्प वर्षा भव्य स्वागत किया गया। इस शोभा यात्रा में शामिल झांकी आकर्षण का केंद्र रही । वहीं शोभा यात्रा में भारी बारिश के बीच भी लोगों का उत्साह कम नहीं हुआ। क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा ने शोभायात्रा में पहुंचकर भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना की तथा भारी बारिश के बीच क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा भी शोभायात्रा में मौजूद रहे। शोभायात्रा में शामिल लोग ढोल, डीजे, बैंड बाजे ,पर जमकर झूमें। शोभा यात्रा नगर के मुख्य प्रमुख मार्गो से होती हुई यादव धर्मशाला पहुंची। जहां पर महा आरती के पश्चात प्रसाद वितरण हुआ।




### समाज के होनहार छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

भगवान श्री कृष्ण की शोभा यात्रा के पश्चात यादव धर्मशाला में अतिथि क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा , मंडल अध्यक्ष विजय सिंह रुहेला, नायब तहसीलदार मनोज शर्मा , थाना प्रभारी मेहताब सिंह ठाकुर , हिंदू धार्मिक उत्सव समिति अध्यक्ष चंद्रर सिंह यादव, यादव समाज अध्यक्ष कैलाश यादव, सचिव प्रेम नारायण यादव,नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि अरुण यादव , उपाध्यक्ष प्रतिनिधि विनोद यादव , श्री कृष्ण जन्म उत्सव समिति अध्यक्ष, रोहित यादव व सचिव अमित यादव की उपस्थिति में संक्षिप्त कार्यक्रम हुआ। जिसमें यादव समाज के होनहार छात्र-छात्राओं को जो कक्षा 11वीं व 12वीं में 80 प्रतिशत से ऊपर अंक लाए थे उन्हें क्षेत्रीय विधायक द्वारा प्रशंसा पत्र व शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया । क्षेत्रीय विधायक ने कार्यक्रम को संबोधित कर सभी को श्री कृष्ण जन्मोत्सव की बधाई शुभकामनाएं दी उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्णा संसार में सभी रहने वाले मनुष्य जीव जंतु सभी के पालनहार है भगवान श्री कृष्ण के मंत्र जपने से मनुष्य को किसी भी प्रकार की कोई बाधा ,कठिनाई मुसीबत नहीं आती। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अनिल यादव द्वारा किया गया व आभार हिंदू धार्मिक उत्सव समिति अध्यक्ष चंद्रर सिंह यादव ने व्यक्त किया।

डेढ़ साल से लगातार अनुपस्थित था

# कोयला में पदस्थ प्रावि शिक्षक सेवा से पृथक

**राजगढ़।** खिलचीपुर ब्लॉक की प्राथमिक शाला कोयला में पदस्थ एक प्राथमिक शिक्षक को लगातार डेढ़ साल से शाला में अनुपस्थित रहने पर विभाग द्वारा सेवा से पृथक करने की कार्यवाही की गई है। संबंधित शिक्षक को इस बारे में विभाग द्वारा कई बार नोटिस भी जारी करते हुए अंतिम अवसर भी प्रदान किया गया लेकिन उसका भी उन्होंने कोई उत्तर नहीं दिया। अंततः जिला शिक्षाधिकारी ने उनकी सेवा समाप्ति का आदेश जारी किया है। जानकारी के अनुसार खिलचीपुर ब्लॉक के पपड़ेल केंद्र से लगी प्राथमिक शाला कोयला में पदस्थ शिक्षक जगदीश प्रसाद दांगी 29 जनवरी 2024 से निरंतर अनुपस्थित थे। करीब डेढ़ सालों से शाला से बगैर बताए गायब रहने पर विभाग द्वारा उन्हें 30 जून 2025 को पत्र जारी करते हुए उल्लेख किया गया कि आपकी निरंतर अनुपस्थिति सेवा त्याग मानी जा सकती है। इस पत्र का भी शिक्षक दांगी द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया। इसके



कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म०प्र०

क्रमांक/शिकायत/अनु०का०/2025/ राजगढ़, दिनांक ..../08/2025

आदेश

प्राचार्य, शा०उमावि० पपडेल, विकासखंड खिलचीपुर से प्राप्त सूचना अनुसार प्राथमिक शाला कोयला में पदस्थ शिक्षक श्री जगदीश प्रसाद दांगी दिनांक 29.01.2024 से निरंतर अनुपस्थित हैं। श्री दांगी की यह अनुपस्थिति अनुशासनहीनता की श्रेणी में आती है।

उक्त के क्रम में श्री दांगी को प्रथम कारण बताओ सूचना-पत्र कार्यालयीन पत्र क्रमांक 6/1/5/0014/2025-DEO-COLL-RJG I/334502/2025 दिनांक 30.06.2025 जारी किया गया था जिसमें स्पष्ट किया गया था कि संबंधित की निरंतर अनुपस्थिति सेवा त्याग (Abandonment of Service) मानी जा सकती है। उक्त कारण बताओ सूचना-पत्र का संबंधित द्वारा कोई उत्तर प्रदान नहीं किया गया। तत्पश्चात श्री दांगी को **अंतिम अवसर** प्रदान करते हुए कार्यालयीन पत्र क्रमांक 6/1/5/0014/2025-DEO-COLL-RJG I/393118/2025 दिनांक 25.07.2025 द्वारा अंतिम कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया, जिसकी पावती दिनांक 26.07.2025 को प्राप्त हो चुकी है, परंतु संबंधित द्वारा उक्त का भी कोई स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किया गया है।

श्री दांगी पक्ष प्रस्तुत करने हेतु, अंतिम अवसर प्रदान कर दिनांक 11.08.2025 को समक्ष में सुनवाई का अवसर प्रदान किया गया किंतु संबंधित उपस्थित नहीं हुए जबकि उक्त हेतु जारी पत्र की पावती दिनांक 08.08.2025 कार्यालय को प्राप्त हुई है ।

संबंधित श्री जगदीश दांगी, प्राथमिक शिक्षक की यह अनुपस्थिति एवं पत्रों का उत्तर न देना, निम्नलिखित नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है :-

**संबंधित सेवा नियमों का उल्लंघन –**

- मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 – नियम 3, शासकीय सेवक से कर्तव्य के प्रति निष्ठा, ईमानदारी एवं अनुशासन अपेक्षित होता है। श्री दांगी की अनुपस्थिति इस नियम का उल्लंघन है।
- मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1966 – नियम 10(1)(d)– बिना सूचना/अनुमति के निरंतर अनुपस्थिति सेवा त्याग की स्थिति है। यदि उत्तर प्रस्तुत नहीं किया गया हो, तो बिना विभागीय जांच के भी सेवा समाप्ति की जा सकती है।

उपरोक्त तथ्यों, नियमों एवं दस्तावेजी साक्ष्यों के आधार पर यह स्पष्ट है कि श्री जगदीश प्रसाद दांगी ने जानबूझकर अपने शासकीय कर्तव्यों से विमुख होकर, सेवा त्याग किया है। श्री दांगी के द्वारा कारण बताओ सूचना पत्र जारी किये जाने के बाद भी कोई उत्तर प्रस्तुत नहीं किया गया ।

अतः श्री जगदीश प्रसाद दांगी, प्राथमिक शिक्षक, प्राथमिक विद्यालय कोयला, विकासखंड खिलचीपुर की सेवा को दिनांक 29.01.2024 से प्रभावी मानते हुए, म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1966 के नियम 10(1)(d) के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से सेवा से पृथक किया जाता है।

**यह आदेश नियमों के अंतर्गत पूर्णतः वैध एवं तत्काल प्रभावशील है।**

Digitally signed by
KARAN SINGH BHILALA
Date: 18-08-2025
जिला शिक्षा अधिकारी
जिला राजगढ़ म०प्र०

उपरान्त दांगी को अंतिम अवसर प्रदान करते हुए 28 जुलाई 2025 को अंतिम कारण बताओ नोटिस जारी किया गया जिसकी पावती भी विभाग को प्राप्त हुई। अंतिम कारण बताओ नोटिस का भी शिक्षक श्री दांगी द्वारा उत्तर नहीं दिया गया। अंततः जिला शिक्षाधिकारी करण सिंह भिलाला ने सोमवार को आदेश जारी करते हुए श्री दांगी को तत्काल प्रभाव से सेवा से पृथक कर दिया है।

# गोगा नवमी पर निकाला चल समारोह

**माचलपुर।** नगर में रविवार को गोगा नवमी के अवसर पर लोक देवता जाहरवीर गोगाजी महाराज की जयंती बाल्मीकि समाज द्वारा बड़े श्रद्धा भाव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर बाल्मीकि मोहल्ले में स्थित गोगाजी के मंदिर में चल रहे भजन कीर्तन की पूर्णाहुति के बाद सभी बाल्मीकि समाज के लोगों द्वारा पूजा अर्चना की गई तत्पश्चात डीजे बैंड बाजों के साथ गोगाजी की छड़ी की शोभायात्रा प्रारंभ हुई जो नगर के मुख्य मार्गों से निकली गई,



शोभायात्रा में युवा डीजे पर बज रहे धार्मिक भजनों पर थिरकते चल रहे थे, नगर में छड़ी की शोभायात्रा का विभिन्न चैराहों पर पूजा अर्चना कर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। यात्रा में बाल्मीकि समाज के बड़ी संख्या स्त्री पुरुष वा बच्चों ने तो हिस्सा लिया। यात्रा नगर भ्रमण उपरांत बांध पहुंची जहां विभिन्न धार्मिक रस्मो को करने के बाद पुनः गोगाजी की छड़ी बाल्मीकि समाज के मोहल्ले में स्थित मंदिर पहुंची जहां आरती हुई और प्रसादी वितरण हुई।

### प्रजापिता ब्रह्माकुमारी सेवाकेंद्र में रक्षा सूत्र बांधे



**जीरापुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवाकेंद्र में राधा कृष्ण की झांकी सजाई गई। जहां पर उपस्थित बंधुओं को श्रद्धा भाव से रक्षा सूत्र बांधे। तथा इन भाईयों को रक्षा सूत्र बांधते हुए उनकी रक्षा की कामना की। इस पावन अवसर पर आयोजित राधा-कृष्ण की सुन्दर झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। नम्रता दीदी ने बताया कि संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो सब सुखी एवं परमपिता सब भाई बहनों को हमेशा सुखी रहें।इस कार्यक्रम में बच्चों, पत्रकार एवं वरिष्ठजनों ने भाग लिया।

# निकाली भोलेनाथ की शाही सवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ माचलपुर

श्रावण मास की समाप्त होने के बाद बाबा गुप्तनाथ महादेव प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी अपनी प्रजा का हाल जानने रविवार को नगर भ्रमण पर निकले। अटूट आस्था का केंद्र गुप्तनाथ महादेव मंदिर से रविवार दोपहर बाद डीजे डोल ढामाके के साथ विशाल शोभायात्रा पूरे लाव लश्कर के साथ प्रारंभ हुई जिसमे 12 ज्योतिर्लिंग,स्वयंभू गुप्तनाथ महादेव,बाबा बिल्लेश्वर महादेव की चलित झांकियां वा शंकर पार्वती के रूप सजे पात्र झलकियां साथ अलग अलग वाहनों पर आकर्षक रूप से सजी साथ चल रही थी। ये यात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी जिसमें बाजार चैक स्थित राधा कृष्ण मंदिर पर हरि हर मिलन हुआ। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में शिव भक्त थिरकते चल रहे थे यात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की वही जगह जगह स्वागत किया गया। नगर भ्रमण उपरांत महादेव मंदिर पहुंचे जहां पंडित चंद्रशेखर त्रिवेदी बाबा मंत्रोच्चार से पूजा अर्चना कर आरती की ओर भक्तों ने महाप्रसादी ग्रहण की।



चौपाल व विविध गतिविधियों से जागरुकता का प्रयास

# आगे बढ़ने बच्चों व युवाओं ने लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

धनवासकलां गांव के किशोर और युवाओं ने बाल-विवाह जैसी कुरीति को खत्म करने और शिक्षा को हर घर तक पहुँचाने का संकल्प लिया है। यह पहल गांव की युवती एवं पीस वॉलेंटियर किरण तंवर के एक्शन प्रोजेक्ट के दौरान सामने आई। किरण गांव की शिक्षित युवती हैं और युवाओं के साथ मिलकर सामाजिक बदलाव के लिए कार्य कर रही हैं। उन्होंने संवाद के दौरान कहा, अगर युवा साथी मन से ठान लें तो न केवल बाल विवाह जैसी कुरीति, बल्कि नशा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और जागरुकता जैसे मुद्दों पर भी गांव को बदल सकते हैं। हमें संविधान से मिले मूल्यों को अपनाकर आगे बढ़ना होगा। गांव में आयोजित विविध गतिविधियों के दौरान अहिंसा वेलफेयर सोसायटी के मनीष दांगी ने युवाओं से कहा कि बाल-विवाह न केवल सामाजिक बुराई है बल्कि बच्चों, युवाओं के भविष्य को छीनने वाला अपराध भी है। उन्होंने कहा कि हमें संविधान द्वारा दिए गए अधिकारों और मूल्यों को अपनाना होगा, तभी समाज सही दिशा में आगे बढ़ सकेगा।

इसी दौरान बैठक में शामिल किशोरियों ने भी स्पष्ट कहा कि उनका भविष्य शिक्षा में ही है। माया तंवर ने कहा, हम अब केवल पढ़ाई पर ध्यान देंगे और गांव के अन्य बच्चों-युवाओं को भी पढ़ने के लिए प्रेरित करेंगे। अहिंसा टीम की रजनी प्रजापति ने किशोरियों से संवाद करते हुए उन्हें बाल-विवाह के नुकसान बताए और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।



### जागरूकता और प्रगतिशील सोच की मिसाल बनेगा

गांव में आयोजित संवाद बैठक एवं गतिविधियों में किशोर, युवा और बच्चे मौजूद रहे। सभी ने मिलकर यह तय किया कि आगे से गांव में बाल-विवाह रोकने के साथ शिक्षा को प्राथमिकता दी जाएगी। गांव के किशोर अब बदलाव की राह पर संकल्पबद्ध होकर न केवल खुद पढ़ेंगे, बल्कि दूसरों को भी पढ़ाई के लिए प्रेरित करेंगे। धनवासकलां गांव में युवाओं द्वारा लिया गया यह संकल्प आने वाले समय में शिक्षा, जागरूकता और प्रगतिशील सोच की मिसाल बनेगा।